संक्षिप्त समाचार

गुरु की शरण से दूर होते हैं दुखः संत पुरखाराम

ग्वालियर। मामा बाजार स्थित बाबा गरीबदास मंदिर में तीन दिवसीय मेला उत्सव के दूसरे दिन संत पुरखाराम ने प्रवचन में कहा कि सुख-दुख जीवन का हिस्सा हैं। दुख आने पर श्रद्धा और विश्वास के साथ गुरु की शरण लेनी चाहिए। उन्होंने बाबा गरीबदास के चमत्कारों के प्रसंग सुनाए। इसके बाद श्रीगंगानगर की गुरुनानक भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार ने भी दर्शन व प्रवचन दिए।

20 कंपनियां देंगी नौकरी का मौका, 27 को युवा संगम

ग्वालियर। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 27 अक्टूबर को एक दिवसीय युवा संगम आयोजित होगा। यह मेला सुबह 11 बजे से गदाईपुरा स्थित रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर में लगेगा। इसमें निजी क्षेत्र की 20 कंपनियां भर्ती करेंगी। चयनित युवाओं को 10 हजार से 45 हजार रुपए तक वेतन मिल सकेगा। मेले में 18 से 35 वर्ष आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं।

मथुरा के श्रीजी गार्डन में भण्डारा आज

ग्वालियर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री राधेश्याम सेवा मण्डल घासमण्डी द्वारा मथुरा की बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीजी गार्डन में विशाल भण्डारे का आयोजन 24 अक्टूबर सुबह 5 बजे से रविवार 25 अक्टूबर शाम 7 बजे तक होगा। इसी क्रम में 25 अक्टूबर को शाम 8 बजे से संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

गंदगी फैलाने वालों से वसूला 10,500 रुपए जुर्माना

ग्वालियर। सड़क पर गोबर बहाने, कचरा फेंकने और कचरे में आग लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए मुरार क्षेत्र में 10,500 रुपए का जुर्माना वसूला। निगमायुक्त अभिषेक चौधरी और अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देश पर जोन-8 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सिगरेट-गुटखे की दुकान में पुलिस ने पकड़ा गांजा

ग्वालियर। मेहरा टोल के पास हाईवे पर बीड़ी-गुटखे की दुकान की आड़ में गांजा बेच रहे एक तस्कर को सिरोल थाना पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने 259 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ करना शुरू कर दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मेहरा टोल के पास एक तस्कर गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ दबिश दी। पुलिस ने हाईवे के किनारे बीड़ी-गुटखा बेच रहे 44 वर्षीय शिवदयाल कुशवाह निवासी भिंड को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 259 ग्राम गांजा मिला।

चारा डालने गए युवक का गला ऊंट ने काटा

ग्वालियर। घर में पाले ऊंट को चारा डालने पहुंचे युवक पर उसी ने हमला कर दिया। ऊंट ने उसके गले को बुरी तरह काट लिया, जिससे गहरा घाव हो गया और मांस बाहर निकल आया। घायल युवक को परिजन पहले भिंड जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सक नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए उसे ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मेडिसिन विभाग में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। भिंड जिले के जमतारा निवासी 35 वर्षीय भोला शुक्रवार को अपने पालतू ऊंट को चारा डालने गया था।

शरद पूर्णिमा पर रागायन का संगीत समारोह 25 को

महाजनी और सारोलकर स्मृति सम्मान से विभूतियां होंगी अलंकृत

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिष्ठित सांगीतिक संस्था रागायन द्वारा 25 अक्टूबर को संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला, लक्ष्मीबाई कॉलोनी में शाम 6 बजे से होने वाला यह आयोजन पंडित महीपत राव विष्णुपंत महाजनी और पंडित एकनाथ सारोलकर की स्मृति को समर्पित रहेगा। समारोह की अध्यक्षता महंत स्वामी रामसेवकदास जी महाराज करेंगे। इस अवसर पर सामवेद के विद्वान पंडित मधुकर शास्त्री तैलंग को पंडित महीपत राव महाजनी सम्मान तथा प्रख्यात ख्याल गायक पंडित अमरेंद्र धनेश्वर को पंडित एकनाथ सारोलकर स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा। पंडित तैलंग सामवेद की ऋचाओं का गायन भी करेंगे। संगीत संध्या में श्रीमती स्मिता महाजनी गायन, पंडित सुधांशु कुलकर्णी एकल संवादिनी वादन तथा पंडित अमरेंद्र धनेश्वर शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। तबले पर डॉ. विनय बिंदे और संजय राठौर तथा संवादिनी पर संजय देवले संगत करेंगे। यह आयोजन ग्वालियर की समृद्ध संगीत परंपरा को समर्पित होगा।

श्री सनातन धर्म मंदिर में 25 को मनेगा शरद पूर्णिमा उत्सव

श्री सनातन धर्म मंदिर में रविवार 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराज धरण जी का श्वेत-धवल वस्त्रों एवं आकर्षक आभूषणों से मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत भजन संध्या, खीर प्रसाद वितरण एवं ठाकुर जी के नौका विहार के विशेष दर्शन होंगे। इस मौके पर ठाकुर जी को 3 क्विंटल खीर का भोग अर्पित किया जाएगा। संध्या आरती के उपरांत शाम 7 बजे से श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

नो-एंट्री घुसे 4 डंपर, हूटर-ब्लैक फिल्म और पटाखा साइलेंसर वाले पकड़े

ग्वालियर। झांसी रोड पर यातायात पुलिस ने गुरुवार-शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। नो-एंट्री में घुसे डंपर, हूटर बजाते वाहन चालक और पटाखा फोड़ते बुलेट सवार सभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उक्त कार्रवाई यातायात झांसी रोड के आयुष मिश्रा और उनकी टीम द्वारा की गई। ट्रैफिक थाना झांसी रोड ने नो-एंट्री में घुसने वाले 4 भारी वाहनों पर कार्रवाई की। हर वाहन पर 5000 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। वहीं अनधिकृत रूप से हूटर का प्रयोग करने, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने, गाड़ियों में ब्लैक फिल्म लगाने और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के दौड़ रहे वाहनों पर शिकंजा कसा। इस मामले में 5000 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। वहीं मॉडिफाइड साइलेंसर (पटाखे जैसी आवाज वाला), तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न, बिना एचएसआरपी प्लेट और खतरनाक ड्राइविंग करने वालों को पकडक़र कोर्ट चालान किया गया।

हार की खीज ने कटवाई दाल बाजार की रोशनी

ग्वालियर। व्यापार समिति दाल बाजार के चुनाव की हार की खीज अभी भी बरकरार है। यही कारण है कि दाल बाजार की नवदुर्गा उत्सव समिति ने समूचे बाजार में लगाई गई रोशनी हटवा दी। जिससे दीपावली तक रोशन रहने वाला दाल बाजार अब अंधकार में दिखाई देगा। यह विषय बाजार के व्हाट्अस ग्रुप में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि इस समूचे विषय से व्यापार समिति ने हाथ खड़े कर लिए हैं। उल्लेखनीय है कि व्यापार समिति के चुनाव पिछले एक माह पहले ही हुए हैं। जिसमें एक धड़े के कुछ लोग जीते हैं तो कुछ हारे भी हैं। लेकिन जो हारे हैं वे नवदुर्गा उत्सव समिति पर काबिज हैं। इनकी अगुवाई में नवदुर्गा की स्थापना हुई और विदाई भी हुई। इस दौरान इंदरगंज से लेकर समूचे दाल बाजार विशेष रोशनी की गई थी। जिससे बाजार जगमगा रहा था। लेकिन कार्यक्रम पूर्ण होते ही यह रोशनी हटवा दी गई। जबकि इसके पहले तक यह रोशनी पड़वा और भाईदूज के बाद ही उतरती थी। व्यापारियों का कहना है कि हार की खीज से रोशनी हटवाना कहां तक उचित है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि भण्डारे के दौरान पहली बार100 रुपए में प्रसादी का पैकेट बेचा गया। मौके पर मौजूद एक पूर्व अध्यक्ष इससे खफा नजर आए।

ताड़का वध और पुष्प वाटिका लीला का हुआ मंचन

ग्वालियर। श्री रामलीला मंडल द्वारा मुरार में ताड़का वध और पुष्प वाटिका लीला का मंचन किया गया। लीला में चारों भाइयों की शिक्षा, ऋषि विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण का वन गमन और ताड़का वध का प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद श्रीराम ने अहिल्या का उद्धार किया और ऋषि विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे। पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। माता सीता ने पूजा-अर्चना कर श्रीराम को अपने वर के रूप में पाने की कामना की।

मराठी महाजत्रा का आयोजन 31 से

ग्वालियर। मराठी खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति द्वारा 31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर को महाजत्रा 2026 का आयोजन मराठा बोर्डिंग में किया जा रहा है। जिसमें मराठी खाद्य संस्कृति की झलक एवं मराठी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।



आईटीएम में रूबरू की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

ग्वालियर। आईटीएम ग्वालियर के सिथौली परिसर स्थित नाद एम्फीथिएटर में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी रूबरू-2026 आयोजित की गई। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक मंच सज्जा, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को उत्सवमय बना दिया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि ग्वालियर संगीत और कला की समृद्ध परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान बनाए रखते हुए तकनीकी ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना पर भी ध्यान देना चाहिए। केतन, संस्कृति और मेधा चतुर्वेदी के समूहों ने बॉलीवुड और लोक संगीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्नातक वर्ग में बीबीए के मोहम्मद सुधान खान मिस्टर फ्रेशर और बीटेक सीएसई की प्रतीक्षा पाटसरिया मिस फ्रेशर चुनी गईं।

वेदांत अस्पताल में 32 स्लाइस सीमेंस सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर



वेदांत हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के तहत 32 स्लाइस सीमेंस सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ देवेंद्र सिंह तोमर (रामू भैया) ने किया। इस अत्याधुनिक मशीन से ग्वालियर, मुरैना सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर और सटीक जांच की सुविधा मिल सकेगी। आधुनिक तकनीक से लैस यह मशीन विभिन्न बीमारियों की पहचान करने और मरीजों के उपचार की बेहतर योजना तैयार करने में चिकित्सकों की मदद करेगी। इससे क्षेत्र में उन्नत जांच सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, वेदांत हॉस्पिटल का उद्देश्य उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि ग्वालियर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके।

अच्छे व्यक्तित्व से समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है



ग्वालियर। विद्याभारती द्वारा आयोजित 37वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर, केदारपुर में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्र, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्रीराम आरावकर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय खेल परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। अध्यक्षता ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि खेलों से चरित्र निर्माण होता है और अच्छे व्यक्तित्व से समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। श्रीराम आरावकर ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और समय-समय पर आत्ममूल्यांकन करने की प्रेरणा दी। संचालन डॉ. एकता अग्रवाल तथा आभार मुकुंद पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष तरुण मित्तल, अनुज माहेश्वरी, मुकुट विहारी शर्मा, अवधेश त्यागी, अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



एमिटी में बिजनेस इकोसिस्टम पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

ग्वालियर। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी बिजनेस स्कूल में बिजनेस इकोसिस्टम पर आयोजित दो दिवसीय 13वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आईसीबीई-2026 का समापन हुआ। हाइब्रिड मोड में आयोजित सम्मेलन में भारत सहित अमेरिका, नाइजीरिया, यूनाइटेड किंगडम और वेस्ट इंडीज के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन के लिए 200 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए। सम्मेलन की थीम डिजिटल परिवर्तन, रणनीतिक नवाचार, वैश्विक बाजार, नैतिकता एवं मानवाधिकार रही। कुलगुरु प्रो. आर. एस. तोमर ने मानवीय मूल्यों पर आधारित नवाचारपूर्ण व्यवसाय मॉडल विकसित करने पर जोर दिया। प्रो-चांसलर वी. के. शर्मा ने आर्थिक विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और प्रभावी नेतृत्व की भूमिका बताई। मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के संयुक्त सचिव डॉ. के. के. त्रिपाठी ने डिजिटल परिवर्तन और भारत की आर्थिक प्रगति में बिजनेस इकोसिस्टम के महत्व पर विचार रखे। भारती ग्लोबल वेंचर्स, यूएई के निदेशक डॉ. आशीष कुमार ने वैश्विक बाजारों में रणनीतिक नवाचार की संभावनाएं बताईं। समापन सत्र में जीवाजी विवि के कुलपति प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने शिक्षा, शोध और उद्योग के बीच सहयोग पर जोर दिया।

मावई, मोहना और गुरावल औद्योगिक क्षेत्रों का किया निरीक्षण

टॉय क्लस्टर के लिए प्रतिनिधिमंडल ने तलाशीं निवेश की संभावनाएं

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2028 के तहत ग्वालियर-चंबल अंचल में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में पहल तेज हो गई है। ग्वालियर में टॉय क्लस्टर स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के लिए टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में लगभग 50 उद्योगों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्वालियर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के अधिकारियों के साथ बैठक कर औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता, निवेश, सब्सिडी और औद्योगिक नीतियों पर चर्चा की। इसके बाद मावई, मोहना और गुरावल औद्योगिक क्षेत्रों का किया निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि एमपीआईडीसी की कार्यकारी संचालक अनीशा श्रीवास्तव ने 7 से 9 अक्टूबर में दिल्ली प्रवास किया था। इस दौरान टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों को ग्वालियर आमंत्रित किया था।

एक होटल में आयोजित बैठक में अनीशा श्रीवास्तव ने मावई (मुरैना), मोहना (ग्वालियर), गुरावल (शिवपुरी) और बिलौआ स्थित प्लास्टिक पार्क के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भूमि की दरों, विकास शुल्क और खिलौना उद्योग से संबंधित नीतियों व प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद प्रतिनिधियों ने मावई, मोहना और गुरावल औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टॉय क्लस्टर स्थापित होने से क्षेत्र में खिलौना निर्माण इकाइयों के विकास, नए निवेश और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विपिन निझावन, महासचिव शरद कपूर और गवर्निंग बॉडी के सदस्य आशीष अग्रवाल सहित प्लास्टिक, सॉफ्ट और इलेक्ट्रिक खिलौने बनाने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इनमें डैश फनराइड, अंकित टॉयज एंड गेम्स, लिटिल जीनियस, केस्पा टॉयज एंड स्पोर्ट्स, नटखट और डिम्पी स्टफ जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि भी पहुंचे।

तंजानिया की युवती को वर्क फ्रॉम होम जॉब का झांसा, 50 हजार ठगे

ग्वालियर। ग्वालियर में पढ़ाई कर रही तंजानिया की 22 वर्षीय युवती साइबर ठगों के जाल में फंस गई। ठगों ने उसे वर्क फ्रॉम होम के जरिए अच्छी कमाई का झांसा दिया और प्रोसेसिंग, रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन समेत अलग-अलग बहाने बनाकर 50 हजार रुपए ठग लिए। युवती ने पेटीएम के जरिए 13 बार में यह रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की। न नौकरी मिली और न ही रकम वापस आई। इसके बाद पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सिरोल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तंजानिया की रहने वाली हरियथ जस्टीना ग्वालियर के एक विश्वविद्यालय में स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई कर रही है। वह सिरोल थाना क्षेत्र में अपने भाई के साथ रहती है।

स्वदेश समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
डबरा विधानसभा क्षेत्र में समाचार और विज्ञापन के लिये स्वदेश प्रतिनिधियों से संपर्क करें-
पताः होटल सूरज
फर्स्ट फ्लोर, बस स्टेण्ड
डबरा (ग्वा.)
मोबा.: 9827221255
रविकांत शर्मा
प्रतिनिधि (नगर)
मोबा.: 9131249032
ऋषभ जैन
प्रतिनिधि (वि.स.)
मोबा.: 9584618978

बैंक ऑफ़ इंडिया
आंचलिक कार्यालय:
भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन,
जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **26.11.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस राशि	बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड वृद्धि राशि
ग्वालियर मुख्य शाखा : संजय काम्पलेक्स, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर फोन : 7355725919 ई-मेलः Gwalior.Bhopal@bankofindia.co.in IFSC Code : BKID0009450, EMD जमा हेतु खाता क्र. 945090200000033- Auction Sale Proceeds)		
ऋणीः **श्री प्रदीप कुमार बत्रा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार बत्रा एवं श्रीमती तारना बत्रा पत्नि श्री प्रदीप बत्रा** मांग सूचना राशिः ₹ 27,59,663.49 + दिनांक 07.05.2026 से ब्याज एवं अन्य खर्चे मांग सूचना दिनांक : 07.05.2026 कब्जा दिनांक : 08.07.2026 (सांकेतिक)	फ्लैट नं. एफ-2 (प्रथम तल) प्रतिमा विला, प्लाट नं. 85, साकेत नगर, ग्राम- घोसपुरा तानसेन रोड, लश्कर ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल- 710 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्री प्रदीप कुमार बत्रा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार बत्रा एवं श्रीमती तारना बत्रा पत्नि श्री प्रदीप बत्रा चर्तुसीमाएं- पूर्व- अन्य की संपत्ति, पश्चिम- कालोनी रोड नीचे, उत्तर- अन्य की संपत्ति, दक्षिण- अन्य फ्लैट नं. एफ-1,	₹ 7,75,000/- ₹ 77,500/- ₹ 10,000/-

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 26.11.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

ई-नीलामी की शर्तें :-
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **24.11.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 30 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।
स्थान : भोपाल, दिनांक : 24.10.2026
प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./10801/22/D-12/NIT-Maint./2026
Bhopal, Dated : 23.10.2026

NOTICE INVITING TENDER No. 411/MTN/2026

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1: Name of Work –** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Ashoknagar	1	7616830.00
2	Balaghat	1	43055966.00
3	Bhind	1	2426865.00
4	Bhopal	2	28907461.00
5	Chhindwara	1	7741372.00
6	Datia	1	829865.00
7	Dhar	1	19285369.00
8	Indore	1	1258946.00
9	Jabalpur	1	8015405.00
10	Khargone	1	2801699.00
11	Mauganj	1	1370879.00
12	Narmadapuram	1	24257659.00
13	Narsinghpur	1	18037098.00
14	Neemuch	1	4325152.00
15	Panna	1	1356502.00
16	Rewa	1	6981517.00
17	Sehore	2	40976960.00
18	Seoni	1	7504482.00
19	Shajapur	1	20834194.00
20	Sheopur	1	14287307.00
21	Vidisha	2	22158886.00

- **Table-2 : Name of Work –** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	3534447.00
2	Ashoknagar	1	6526916.00
3	Balaghat	4	55517001.00
4	Bhind	1	3918081.00
5	Damoh	2	11727694.00
6	Harda	1	16874977.00
7	Indore	1	2397270.00
8	Khandwa	3	27327709.00
9	Khargone	1	7881565.00
10	Mandla	1	32423409.00
11	Mandsaur	1	8846598.00
12	Narmadapuram	1	7753794.00
13	Neemuch	3	56838108.00
14	Raisen	1	3155384.00
15	Sagar	3	20538214.00
16	Sehore	1	6919151.00
17	Shahdol	1	58219145.00
18	Shivpuri	1	11523400.00
19	Sidhi	1	5699386.00
20	Singrauli	1	17388832.00

- **Table-3 : Name of Work –** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	5375489.00
2	Anuppur	1	24338786.00
3	Ashoknagar	1	22385174.00
4	Balaghat	6	210329299.00
5	Betul	2	30206769.00
6	Dewas	4	37496816.00
7	Dindori	1	20357996.00
8	Harda	2	19277477.00
9	Katni	1	28279038.00
10	Khandwa	2	16567265.00
11	Mandsaur	1	21364351.00
12	Narmadapuram	2	5596143.00
13	Pandhurna	1	7047644.00
14	Rewa	1	11791249.00
15	Sagar	2	21754470.00
16	Sehore	2	56749830.00
17	Sidhi	1	26669974.00
18	Singrauli	1	2177372.00
19	Tikamgarh	1	8816684.00
20	Ujjain	1	13311111.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 04.11.2026 from 17:30 hrs. and last date for online bid submission is **20.11.2026 (17:00 hrs.)**.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)
M.P. Madhyam/128776/2026